दिन– शुक्रवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 28 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रवर्तन निदेशालय ने सरकारी विभागों में टेंडर सहित अन्य मामलों में भ्रष्टाचार को लेकर पटना में आठ अधिकारियों के ठिकानों पर छापेमारी की।
02. राज्य सरकार ने कहा – बटाईदार किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना में शामिल करने के लिए केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजा जायेगा।
03. केन्द्र सरकार उबर और ओला के मॉडल पर आधारित सहकारी टैक्सी सेवा शुरू करेगी।
04. और, पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों के तापमान में लगातार हो रही है बढ़ोतरी। बक्सर, खगड़िया और सीवान में अधिकतम तापामन चालीस डिग्री सेल्सियस के पार।

---

प्रवर्तन निदेशालय ने सरकारी विभागों में टेंडर सहित अन्य मामलों में भ्रष्टाचार को लेकर पटना में आठ अधिकारियों के ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी की टीम ने भवन निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता तारिणी दास के अनिसाबाद स्थित आवास पर छापेमारी की। यहां से तीन करोड़ रूपये से अधिक नकद मिलने की सूचना है। वहीं, भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी संजीव हंस से जुड़े मामले में ईडी ने नगर विकास और आवास विभाग, बुडको, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम और बीएमएस–आईसीएल से जुड़े कई इंजीनियरों और बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के ठिकानों पर छापेमारी की है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार छापेमारी के दौरान करोड़ों रूपये की चल–अचल सम्पत्ति जब्त की गयी है। साथ ही कई महत्वपूर्ण कागजात और डिजिटल उपकरण भी बरामद किये गये हैं।

---

मुम्बई की आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने मधुबनी में एक डिजिटल शोरूम में छापेमारी की। प्राप्त जानकारी के अनुसार टीम के अधिकारियों ने शोरूम के मैनेजर से पूछताछ की और उसे अपने साथ ले गयी है। बताया जाता है कि ये छापेमारी महाराष्ट्र में न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक में करोड़ों रुपए के घोटाले के संबंध में की गयी है।

---

राज्य सरकार ने कहा है कि बटाईदार किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना में शामिल करने के लिए केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजा जायेगा। विधानसभा में

एक प्रश्न के उत्तर में प्रभारी मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने कहा कि सरकार बटाईदार किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

---बाईट---

---

राज्य सरकार ने कहा है कि बेतिया राज की भूमि पर वैधानिक अधिकार रखने वालों को किसी प्रकार की चिंता नहीं करनी चाहिए। विधान परिषद में एक ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का उत्तर देते हुये राजस्व और भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने कहा कि निर्धारित मानकों को पूरा करते हुये जिन लोगों का बेतिया राज की भूमि पर कब्जा है वह बरकरार रहेगा।

---

संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि नया प्रमंडल, जिला, अनुमंडल या प्रखंड बनाने का सरकार के पास कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। श्री चौधरी विधान परिषद में राजद के कुमार नागेन्द्र और उर्मिला ठाकुर के गैर सरकारी संकल्प पर सरकार की ओर से जवाब दे रहे थे।

---

शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार ने वर्ष दो हजार चौबीस में ही केन्द्र से मैथिली को शास्त्रीय भाषा की सूची में शामिल करने का अनुरोध किया था। कांग्रेस के मदन मोहन झा के गैर सरकारी संकल्प पर श्री कुमार ने उम्मीद जतायी की इस मामले में केन्द्र सरकार जल्द ही सार्थक पहल करेगी।

---

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि वर्तमान में राज्य के अस्पतालों में पैंतीस प्रकार की जांच की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध है। विधान सभा में एक ध्यानाकर्षण सूचना का जवाब देते हुये श्री पांडेय ने यह जानकारी दी।

---बाईट---

---

वन और पर्यावरण मंत्री डॉक्टर सुनील कुमार ने कहा है कि राज्य में गंगा नदी के किनारे दस सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाये जा चुके हैं। विधान परिषद में एक प्रश्न के उत्तर में डॉक्टर कुमार ने बताया कि गंगा किनारे अवस्थित शहरों में बत्तीस प्लांट लगाने की योजना है।

---

उपमुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने प्रदेश में मखाना बोर्ड के गठन की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने के लिए अधिकारियों को कृषि मंत्रालय से वार्ता

करने का निर्देश दिया है। बोर्ड के गठन की दिशा में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा के दौरान श्री सिन्हा ने बोर्ड के उपाध्यक्ष पद पर बिहार के प्रतिनिधि को नामित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के भी निर्देश दिये।

---

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने घोषणा की है कि सरकार सहकारी टैक्सी सेवा शुरू करेगी। सहकारिता के माध्यम से संचालित यह सेवा उबर और ओला के मॉडल पर काम करेगी। लोकसभा में श्री शाह ने कहा कि यह कदम सहकार से समृद्धि के अनुरूप उठाया गया है।

–––बाईट–––

साढे तीन साल में सहकारिता मंत्रालय ने दिन–रात एक करें हैं और कुछ ही महीनों में ओला, ऊबर जैसी एक बहुत बड़ी कोऑपरेटिव सहकार टैक्सी आने वाली है। जो टू व्हीलर की टैक्सी का भी रजिस्ट्रेशन करेगी, जो रिक्शा का भी रजिस्ट्रेशन करेगी और फोर व्हीलर का भी करेगी और उसका मुनाफा वो ड्राइवर के पास जाएगा।

---

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने हाजीपुर में महिला शक्ति केन्द्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस केन्द्र के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं की क्षमताओं का पूरा उपयोग हो सकेगा। साथ ही उनकी सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा मिलेगा। इधर, कल हाजीपुर में महिलाओं से जुड़ी शिकायतों के छप्पन मामलों की सुनवाई की गयी। इस दौरान श्रीमती रहाटकर भी मौजूद थीं।

---

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों के तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। कई स्थानों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान बक्सर लगातार दूसरे दिन प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। यहां का अधिकतम तापमान इकतालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, खगड़िया का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव छह डिग्री, सीवान के जीरादेई का चालीस डिग्री और राजधानी पटना का अधिकतम तापमान अड़तीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार अगले दो से तीन दिनों के दौरान औसत तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की और बढ़ोतरी हो सकती है।

–––बाइट–––

---

राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी स्वास्थ्य संस्थानों को गर्मी से होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए परामर्श जारी किया है। इसके तहत अस्पतालों को

विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि लू से प्रभावित मरीजों के लिए स्वास्थ्य संस्थानों में पांच बेड आरक्षित रखे जायेंगे और ओआरएस कॉर्नर बनाये जायेंगे। साथ ही अस्पतालों में रैपिड रिस्पांस टीम का गठन भी किया जायेगा।

---

प्रदेश के पन्द्रह जिलों में पानी की जांच की प्रयोगशाला को नेशनल एक्रिडिटेशन बोर्ड टेस्टिंग एंड केलिब्रेशन लेबोरेटरीज, एनएबीएल प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। इन जिलों में भागलपुर, भोजपुर, सासाराम, बांका, गया, सहरसा, सारण, पूर्णियां, पटना, बेगूसराय, शेखपुरा, मुजफ्फरपुर, मुंगेर, नालंदा और अररिया शामिल हैं। वहीं, बक्सर, जहानाबाद और अरवल जिलों की प्रयोगशालाओं का मूल्यांकन जारी है। एनएबीएल प्रमाणित प्रयोगशालाओं में निर्धारित सोलह मानकों पर पानी की गुणवत्ता की जांच होगी। यह प्रमाण पत्र केन्द्र सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा जारी किया जाता है।

---

पवित्र महीना रमजान का आज अंतिम जुम्मा है। इस अवसर पर नमाजियों की सुविधा के लिए राजधानी पटना समेत प्रदेशभर की मस्जिदों में विशेष इंतजाम किये गये हैं। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव समेत सभी प्रमुख दलों के वरिष्ठ नेताओं ने इस अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

---

पूर्णियां के गुलाबबाग मंडी गेट के पास से पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक ऑटो रिक्शा से एक करोड़ तिहत्तर लाख अट्ठाईस हजार रूपये मूल्य का लॉटरी टिकट जब्त किया है। मौके से एक युवक की गिरफ्तारी हुई है। बरामद लॉटरी टिकट नगालैंड के हैं। मामले की जांच जारी है।

---

मोतिहारी की एक अदालत ने हत्या के बत्तीस साल पुराने एक मामले में उन्नीस आरोपियों को उम्र कैद की सजा सुनाई है। इनमें से नौ आरोपियों की मौत हो चुकी है।

---

नवादा जिले के मधुवन केशौरिया गांव में अवैध खनन की सूचना पर छापेमारी करने पहुंची खनन विभाग और पुलिस की टीम पर बालू माफिया ने ईंट–पत्थर से हमला कर दिया। हमले में कई पुलिसकर्मियों को चोट आई है। इस मामले में दस लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। मौके से बारह वाहनों को जब्त किया गया।

---

गोपालगंज जिले के मांझागढ़ थाना क्षेत्र के धर्मपरसा गांव में छत्तीसगढ़ पुलिस ने स्थानीय पुलिस के साथ छापेमारी कर एक तस्कर को भारी मात्रा में हथियारों को साथ गिरफ्तार किया है।

---

दरभंगा जिले के बहेरी प्रखंड के बेंता गांव में आग लग जाने से सौ से अधिक घर जलकर नष्ट हो गये। अगलगी की घटना में बड़े पैमाने पर गेहूँ की फसल को भी नुकसान हुआ है। वहीं, बेगूसराय जिले के बखरी बाजार स्थित आशा पोखर मोहल्ले में सिलेंडर विस्फोट होने से दो घर जलकर नष्ट हो गये। इस घटना में तीन लोग गम्भीर रूप से झुलस गये।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है– टेंडर घोटाले में मुख्य अभियंता समेत आठ अफसरों के ठिकाने पर छापे।

दैनिक जागरण ने लिखा है– विधानसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित। तीन हजार आठ सौ सत्तावन प्रश्न आये।

प्रभात खबर की सुर्खी है– अड़तालीस घंटे के दौरान दक्षिण बिहार में हॉट डे का अलर्ट।

दैनिक भास्कर ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है– गौतम अडाणी की दौलत तेरह फीसदी बढ़ी, मुकेश अंबानी की इतनी ही घटी, फिर भी ये दोनों देश में सबसे अमीर।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं– भारत यात्रा पर आयेंगे रूसी राष्ट्रपति पुतिन।

आज अखबार लिखता है– कठुआ एनकाउंटर में दो आतंकी ढेर, तीन जवान शहीद।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रवर्तन निदेशालय ने सरकारी विभागों में टेंडर सहित अन्य मामलों में भ्रष्टाचार को लेकर पटना में आठ अधिकारियों के ठिकानों पर छापेमारी की।

02. राज्य सरकार ने कहा – बटाईदार किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना में शामिल करने के लिए केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजा जायेगा।

03. केन्द्र सरकार उबर और ओला के मॉडल पर आधारित सहकारी टैक्सी सेवा शुरू करेगी।

04. और, पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों के तापमान में लगातार हो रही है बढ़ोतरी। बक्सर, खगड़िया और सीवान में अधिकतम तापामन चालीस डिग्री सेल्सियस के पार।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।